CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 155 रायपुर, रविवार 28 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### ओडिशा से कालाबाजारी के लिए लाई खाद, कृषि विभाग ने छापा मारकर 550 किलो किया जब्त



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राज्यभर में उर्वरक विक्रय केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है. इसी क्रम में महासमुंद जिले में कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज से उड़ीसा प्रिंट वाली पीआरओएम उर्वरक की 11 बोरियां (लगभग 550 किलोग्राम) जब्त की हैं। महासमुंद जिले के कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम घोयनाबाहरा स्थित वैष्णवी एग्रो इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में सालेपाली, पाइकमाल, जिला बरगढ़ (उड़ीसा) प्रिंट वाली उर्वरक की 11 बोरियां मिलीं, जिन्हें नियमानुसार जब्त कर लिया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों के हितों की सुरक्षा और उर्वरकों की गुणवत्ता एवं वैध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है. उन्होंने कहा कि उर्वरक के भंडारण एवं विक्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी. राज्यभर में यह निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### राम मंदिर में चढ़ावा चोरीः सभी आठ आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी, अब तक 79 लाख बरामद; टिन्नू यादव के घर पुलिस

**नई दिल्ली, 28 जून (न्यूज चैनल)।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के सभी आठ आरोपियों के घर रविवार को सुबह पुलिस ने एक साथ दबिश दी। टीमें एक साथ सभी के घर पहुंची। घरवालों से पूछताछ शुरू की। साथ ही पड़ोसियों से बातचीत करके जानकारी जुटाई। पुलिस टीम अनुकल्प मिश्रा, अवनीश शुक्ला, मनीष यादव, टिन्नू यादव समेत अन्य आरोपियों के आवासों पर पहुंची। घरों की तलाशी लेने के साथ मौजूद परिजनों के बयान दर्ज किए। जांच के दौरान स्थानीय लोगों को भी अपने बयान और साक्ष्य पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के घरों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि जांच में किसी प्रकार का व्यवधान न हो और अनधिकृत लोगों का प्रवेश रोका जा सके। इस मामले में बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज किया गया था। जबकि, शुक्रवार को सभी आठ आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अब पुलिस साक्ष्य जुटाने और मामले की विवेचना को आगे बढ़ाने में जुटी है।

### कैलाश मानसरोवर यात्राः 52 भारतीय नेपाल में फंसे, चीन पर वीजा रोकने का आरोप; विदेश मंत्रालय से दखल की अपील

**नई दिल्ली, 28 जून (न्यूज चैनल)।** कैलाश मानसरोवर की पवित्र यात्रा पर निकले लगभग 52 भारतीय वर्तमान में नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंसे हैं और मदद का इंतजार कर रहे हैं। राकांपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने शनिवार को यह जानकारी दी और विदेश मंत्रालय से मामले में हस्तक्षेप की अपील की ताकि श्रद्धालु अपनी आगे की यात्रा को सुचारु रूप से जारी रख सकें। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सुले ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास, बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास से आग्रह किया कि वे इस मामले पर ध्यान दें और आवश्यक सहायता प्रदान करें।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले थे अज्ञात वाहन ने रौंदा, 3 की मौत



**जांजगीर-चांपा, 28 जून (हाईवे चैनल)।** जिले में मॉर्निंग वॉक पर निकले 3 लोगों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे में तीनों की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर वाहन लेकर भाग निकला, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। घटना बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरी-कोरबी से गुजरने वाली भारतमाला रोड पर हुई है।

सुबह तकरीबन 5 से 6 बजे के ग्राम डोंगरी-कोरबी के रहने वाले दिलहरण दास वैष्णव (62), केदार बरेट (52) और संतु यादव (70) मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। डोंगरी-कोरबी से गुजरने वाली भारतमाला रोड पर पैदल चलते वक्त तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दिलहरण दास वैष्णव, केदार बरेट और संतु यादव को कुचलते हुए भाग निकला। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ में से किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों के पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल रवाना कर दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले रही है, ताकि वाहन की पहचान हो सके। पुलिस का कहना कि मामले में मर्ग कायम कर लिया है। आरोपी ड्राइवर की तलाश में टीम जुटी हुई है। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

### दीवार ढहने से दो बच्चों की मौत, महिला की हालत गंभीर

**बेमेतरा, 28 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां दीवार ढहने से दो बच्चियों की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। यह पूरा मामला नवागढ़ विधानसभा के ग्राम राउरपुर का है। बच्चियों की पहचान वंशिका (11) और राधिका (7) पिता ओमप्रकाश कोशले के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान शशिकला के रूप में की गई है।



बताया जा रहा है कि आज दोनों बच्चे घर के आंगन में बर्तन धो रहे थे। इसी दौरान दीवार भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में दोनों बच्चे और महिला आ गई। चीख पुकार मचते ही पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आनन फानन में 108 के जरिए सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। वहीं महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे रायपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई।

## रायपुर समेत पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 जून 2026 को पूरे भारत में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में शुरू हुआ। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई जा रही हैं ताकि भारत को पोलियो-मुक्त रखा जा सके। स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र या सरकारी अस्पताल में जाकर अपने बच्चे को पोलियो की दवा दिलवा सकते हैं। सुकमा जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 का शुभारंभ आज उत्साहपूर्वक किया गया। कलेक्टर श्री अमित कुमार और पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण ने मराईगुड़ा वन स्थित केंद्र में बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। वहीं बस स्टैंड सुकमा में नगर पालिका अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से की राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में भागीदारी की अपीलः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर माता-पिता एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाएं। मुख्यमंत्री साय ने अपने संदेश में कहा कि जब बात बच्चों के भविष्य की हो, तो हमारी छोटी-सी सावधानी भी बड़ा बदलाव ला सकती है।

दूसरे राज्य के डॉक्टरों को प्रैक्टिस की अनुमति देने पर स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का बड़ा बयान

## कहा- जो डॉक्टर बयानबाजी कर रहे हैं, वो प्रदेश की भी करें चिंता



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों के डॉक्टरों को बिना स्थानीय रजिस्ट्रेशन के प्रैक्टिस की अनुमति देने के स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर विवाद गहरा गया है. इस कदम के पीछे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश में डॉक्टरों की कमी का हवाला देते हुए कहा कि जो डॉक्टर सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं, वो प्रदेश की भी चिंता करें।

दरअसल, सरकार के इस फैसले का प्रदेश के डॉक्टर लगातार विरोध कर रहे हैं. उनका कहना है कि इससे स्थानीय डॉक्टरों के हित प्रभावित होंगे. लेकिन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्पष्ट किया कि केवल वही डॉक्टर अनुमति के पात्र होंगे, जिनका दूसरे राज्यों में वैध रजिस्ट्रेशन हो, और जो एनएमसी से पंजीकृत हों. हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर डॉक्टरों से जल्द बातचीत की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने यह कदम सोच समझकर उठाया है. वैसे भी छत्तीसगढ़ पहला राज्य नहीं जहां यह पैटर्न लागू किया जा रहा है, देश के चार-पांच राज्यों ने भी इस पैटर्न को अपनाया है. उन्होंने बताया कि प्रोफेसर के 125 पदों पर हमने रेगुलर भर्ती निकाली थी, इसमें कुल 78 आए हैं।

## मन की बात में बोले पीएम मोदी- 'समुद्र से लेकर आकाश तक हमारा भारत सुरक्षित और आत्मनिर्भर'



**नई दिल्ली, 28 जून (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड के जरिए एक बार फिर देश और दुनिया भर में बसे भारतीयों से संवाद कर रहे हैं। सुबह 11 बजे प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह है। मन की बात पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम माध्यम बन चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि इस महीने भारत ने कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर हर देशवासी को गर्व है। हाल ही में मुझे कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। वहां आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौ-सेना के बेड़े में शामिल किया गया। इन जहाजों की डिजाइन और उत्पादन तक,सब कुछ स्वदेशी है। पीएम मोदी ने आगे कहा जून के महीने में ही एविएशन में भी देश ने एक बड़ी सफलता पाई। सी-295, ये विमान मेड इन इंडिया है और सी-295 विमान ने अपनी पहली उड़ान पूरी की है, और ऐसे 40 विमान, भारत में ही बनाए जा रहे हैं। इससे एमएमएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई शक्ति मिल रही है। रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सफलताएं देश की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को और मजबूत करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लगातार विभिन्न क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और देश के नागरिकों की मेहनत तथा नवाचार इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं।

उन्होंने कहा कि देश की उपलब्धियां केवल सरकार की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं, जो भारत को तेजी से विकास की नई दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने एक बार फिर पूरी दुनिया को जोड़ने का काम किया है।

## एसी हेलमेट पहनकर ड्यूटी करेंगे रायपुर शहर के ट्रैफिक जवान



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** ट्रैफिक जवानों को प्रतिदिन कई घंटे खुले आसमान के नीचे खड़े रहकर यातायात नियंत्रित करना पड़ता है। गर्मी के मौसम में हीट स्ट्रेस, डिहाइड्रेशन और थकान जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। ऐसे में जवानों को एसी वाले हेलमेट देने की तैयारी चल रही है। रायपुर में शनिवार को उसका ट्रायल शुरू किया गया। यह तकनीक न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ा सकती है, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यदि ट्रायल सफल रहता है तो भविष्य में अधिक संख्या में ट्रैफिक जवानों को ऐसे हेलमेट उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

पुलिस विभाग का मानना है कि, बेहतर कार्य परिस्थितियां उपलब्ध कराने से जवानों की कार्यकुशलता और मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। विवेक शुक्ला, एडीसीपी ट्रैफिक का कहना है कि एक कंपनी द्वारा कुछ एसी हेलमेट ट्रायल के लिए उपलब्ध कराए हैं। भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले ट्रैफिक जवानों को राहत देने के उद्देश्य से इनका परीक्षण किया जा रहा है। हेलमेट के ऊपरी हिस्से में एक छोटा बैटरी संचालित फैन और एयर-डक्ट सिस्टम लगा होता है। पीछे कमर या बेल्ट पर बैटरी पैक लगाया जाता है, जो फैन बाहर की हवा को खींचकर फिल्टर करता है और चेहरे व सिर की ओर भेजता है। कुछ मॉडलों में कूलिंग मॉड्यूल भी होता है, जो हवा का तापमान कुछ डिग्री कम कर देता है। एक बार चार्ज होने पर यह सामान्यत: 6 से 8 घंटे तक काम करता है। कंपनियों के दावों और पुलिस ट्रायल रिपोर्टों के अनुसार यह सिर के आसपास के तापमान को लगभग 8 से 15 डिग्री सेल्सियस तक कम महसूस करा सकता है, जिससे हीट स्ट्रेस और लू का खतरा घटता है।


## तेज हवा-तूफान में चोखरधानी रेस्टोरेंट की पार्किंग शेड गिरी, कई वाहन हुए क्षतिग्रस्त



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर में कल शाम आए तेज हवा और तूफान के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेलीबांधा थाना क्षेत्र स्थित चोखरधानी रेस्टोरेंट के बाहर पार्किंग के लिए बनाई गई शेड अचानक भरभराकर गिर गई। घटना के समय पार्किंग क्षेत्र के आसपास कई महिलाएं और बच्चे मौजूद थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई भी इसकी चपेट में नहीं आया और सभी सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के बीच अचानक पार्किंग शेड का एक हिस्सा ढह गया, जिससे वहां खड़ी कुछ कारें इसकी चपेट में आ गईं। हादसे में एक-दो वाहनों को नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही तेलीबांधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज हवा और तूफान के कारण पार्किंग शेड गिर गई। इस घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि हादसे में केवल वाहनों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, चोखरधानी रेस्टोरेंट प्रबंधन ने क्षतिग्रस्त वाहनों के नुकसान की भरपाई करने की जिम्मेदारी ली है। इसके बाद प्रभावित वाहन मालिकों से भी चर्चा की गई। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन जिस समय शेड गिरी, वहां महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी को देखते हुए इसे बड़ा हादसा टलना माना जा रहा है।

## अगले 4 दिनों में छत्तीसगढ़ को पूरी तरह घेरेगा मानसून रायपुर समेत कई क्षेत्रों में आज बादल बरसने के आसार



**रायपुर, 28 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों तक मानसून अगले 3-4 दिनों तक पहुंचेगा. राजधानी रायपुर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे है, लेकिन उमस से लोग परेशान हो रहे हैं. मौसम विभाग ने आगामी 7 दिनों तक बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना जताई है. कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। प्रदेश के कई इलाकों में आज सुबह बारिश की संभावना जताई गई है. सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, जशपुर, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, तेज हवा (30-40 केएमपीएच) और वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने जानकारी दी कि प्रदेश में शनिवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। राजनांदगांव में सबसे ज्यादा तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में दर्ज किया गया है. मुंगेली में 5 सेमी और दरभा में 4 सेमी बारिश हुई. इसके अलावा कई जगहों पर पानी गिरा है। रायपुर और आसपास के इलाकों में आज बादल छाए रह सकते हैं. वर्षा और तेज हवा चलने की संभावना है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

## हरियाणा के ईंट भट्ठे में बंधक बने छत्तीसगढ़ के मजदूर, न्याय दिलाने की लगाई गुहार

**सक्ती, 28 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां बेहतर मजदूरी के लालच में हरियाणा गए दर्जनों श्रमिक एक ईंट भट्ठे में फंस गए हैं। पीड़ित मजदूरों ने जिला प्रशासन से उन्हें सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के मुताबिक, सक्ती जिले के परसाडीह, बाराद्वार और कारी भावर गांव के करीब 35 से 40 मजदूर हरियाणा के हिसार जिले के हांसी थाना क्षेत्र स्थित सुल्तानपुर के एक ईंट भट्ठे में काम करने गए थे। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें वहां बंधक बनाकर रखा गया है और घर लौटने में परेशानी हो रही है।

पीड़ितों का कहना है कि हरियाणा का श्रम विभाग जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र की मांग कर रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। मजदूरों का यह भी आरोप है कि लेबर ठेकेदार ऊंची मजदूरी का लालच देकर उन्हें बाहर ले जाते हैं और बाद में उनकी मजदूरी का बड़ा हिस्सा पहले ही वसूल लेते हैं। ईंट



भट्ठे में फंसे मजदूरों ने वीडियो भेजकर हालात बयां की है। इनमें मजदूर सपरिवार एक स्थान पर खड़े हुए नजर आ रहे हैं। इनमें से दो महिलाओं ने बताया कि उनसे काम कराने के बावजूद मजदूरी नहीं दी जा रही है। वे वापस आना चाहते हैं, मगर पैसे नहीं मिलने के चलते वापस लौटने में दिक्कत हो रही है। मजदूरों ने बताया कि वे अपना पूरा सामान बांध कर जाने की तैयारी में हैं, मगर ठेकेदार केवल आधी मजदूरी दे रहा है और उन्हें जाने भी नहीं दे रहा है, विरोध करने पर वह मारपीट की धमकी दे रहा है। इन महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनकी शिकायत पर जो श्रम अधिकारी यहां पर आए हैं, वे उनकी कुछ भी नहीं सुन रहे हैं। वे सिर्फ ठेकेदारों का पक्ष ले रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि यहां वे अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं और उन्हें बिजली की सुविधा भी नहीं दी गई है। वे काफी परेशान हैं, और घर लौटना चाहते हैं। गौर करने वाली बात यह है कि हरियाणा में फंसे इन मजदूरों का मामला वीडियो समेत मीडिया तक पहुंच गया है, मगर इसकी खबर सक्ती जिले के श्रम विभाग को नहीं है।

जिले की श्रम अधिकारी मंजुलता कुर्रे ने टीआरपी न्यूज को बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने हमसे ही पूरी जानकारी मंगाई और विधिवत कार्रवाई की बात कही है। श्रम अधिकारी मंजुलता ने बातचीत में कहा कि मजदूर ठेकेदारों से एडवांस में रकम लेने के बाद काम करने जाते हैं, बाद में वे रकम के बदले काम पूरा किए बिना ही लौटने की बात कहते हैं, तब विवाद होता है। उन्हें काम पूरा करके ही लौटना चाहिए।

वैसे बता दें कि मजदूरों को एडवांस देकर काम के लिए लेकर जाना भी बंधुआ मजदूरी कानून के अंतर्गत आता है और ऐसा करना ही गैरकानूनी है, मगर लगता है कि श्रम अधिकारी को इस कानून की पूरी जानकारी ही नहीं है। देश भर में बंधुआ मजदूरी के खिलाफ कैंपेन चलाने वाले संगठन एनसीसीईबीएल के संयोजक निर्मल गोराना ने टीआरपी न्यूज से बातचीत में बताया कि इस तरह के मामलों में श्रम विभाग अक्सर टीम लेकर संबंधित स्थल पर पहुंचता है और मजदूरों को उनका मेहनताना दिलाकर वापस लेकर आ जाता है। श्रम अधिकारियों की जिम्मेदारी केवल इतनी ही नहीं होती। इस तरह का मामला बंधुआ मजदूरी के तहत आता है और नियम के मुताबिक श्रम विभाग को बंधुआ कानून के तहत प्रकरण बनाकर इन मजदूरों को संबंधित जिला प्रशासन से मुक्ति प्रमाण पत्र जारी कराना चाहिए।

CMYK